उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय सेवा योजना- इकाई 1, हल्द्वानी

आख्या

सात दिवसीय विशेष शिविर

(*दिनांक 08-01-2024 से 14-01-2024 तक*)

(लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड, हल्द्वानी में आयोजित)

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना हल्द्वानी इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 8 जनवरी से 14 जनवरी तक लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन एमबी ट्रस्ट के ट्रस्टी व पूर्व महाधिवक्ता श्री बिंदेश गुप्ता, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर पी डी पंत, शिक्षा शास्त्र के विभाग के अध्यक्ष डॉ डिगर सिंह फर्स्वाण, हल्द्वानी क्षेत्रीय केंद्र के सहायक क्षेत्र निदेशक श्री बृजेश बनकोटी व कार्यक्रम प्रभारी डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इन सात दिवसीय शिविर में प्रथम दिवस पर्यावरण विशेषज्ञ निर्मला तडागी द्वारा पर्यावरण के बारे में व्याख्यान दिया गया व चुनाव आयोग की टीम द्वारा वीवीपेट का प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय दिवस विश्व हिंदी

दिवस के अवसर पर मुक्त विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ शशांक शुक्ला व प्रसिद्ध कवियित्री व शिक्षाविद् श्रीमती बीना जोशी द्वारा हिंदी कविता का पाठ किया गया।

अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। चतुर्थ दिवस एरीज के माध्यम से विद्यार्थियों को सौरमंडल की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा समयसमय पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता - पखवाड़ा भी मनाया गया। शिविर का समापन सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर श्री चंचल सिंह शाही व शिक्षाविद डॉ प्रकाश लखेड़ा द्वारा किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों को शिविर प्रतिभाग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट कार्यक्रम प्रभारी डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल द्वारा प्रस्तुत की गई व शिविर में सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिवस अलग अलग राज्यों से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत करते-हुए सहकारी रूप से कार्य किया गया।

JACK & JONES

एरीज भ्रमण

NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
HALDWANI UNIT
GPS Map Camera
Haldwani,UT,India
Indira Nagar, Haldwani, 263139, UT, India
Lat 29.207108, Long 79.528766
01/14/2024 12:02 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

समाचार पत्रों के माध्यम से

सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर में सोमवार से शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ एमबी एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी व पूर्व महाधिवक्ता बिंदेश्वर गुप्ता और उत्तराखंड मुक्त विवि के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने किया। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि स्वयं सेवक इस शिविर में अपना चारित्रिक विकास करने के साथ ही अपने कार्यों से समाज को नई दिशा देंगे। अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव प्रो. पंत ने प्रतिभागियों से अनुशासन, संयम और मेहनत से कार्य करने की अपील की। इस दौरान शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा के निदेशक डॉ. डिगर सिंह फर्स्वाण, सहायक क्षेत्रीय निदेशक बृजेश बनकोटी, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल, रश्मि सक्सेना, डॉ. देवकी सिरोला आदि मौजूद रहीं। माई सिटी रिपोर्टर

शिविर में दी आग से बचाव की जानकारी

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से बृहस्पतिवार को बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन

अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि से बचाव संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मुख्तियार सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने स्वयंसेवकों को आग लगने के कारण और बचाव के उपाय के बारे में बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल, रश्मि सक्सेना, कश्मीर सिंह राणा, जितेंद्र कुमार, दीपक सुतेड़ी आदि मौजूद रहे। संवाद